जनसंदेश टाइम्स

05.12.2018

75 आइटियंस को 98 जॉब आफर

गुड न्यूज

मंगलवार को 8 कंपनियों का चला इंटरव्यू

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन का अंतिम चरण समाप्त होने तक 25 कंपनियों ने लगभग 75 छात्र-छात्राओं को 98 जॉब ऑफर किये। इसमें सर्वाधिक 20 लाख और न्यूनतम 8 लाख रुपये का सालाना पैकेज दिया गया। वहीं, मंगलवार को पहला चरण समाप्त होने तक 08 कंपनियों में इंटरव्यू के दौर चलते रहे। इस वर्ष संस्थान से कुल 1151 छात्र-छात्राओं ने कैंपस सिलेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। ऑप्टम (एसडीई), एक्सट्रीया, हॉनिटवेल, इंडशाइनी, टाटा कम्यूनिकेशंस, टाटा स्टील, एचसीएल, जेडएस एसोसिएट्स ने इंटरव्यू लिया।

सोमवार को इंटरव्यू लेने पहुंची 25 कंपनियों की सूची -

रिलायंस जियो, सिनोप्सिस, इलास्टिक रन, ब्नी मेलन, सेपियंट, वैरिटास, टाटा स्टील, सिटी पूणे, फायर आई, रिलायंस जियो (एसडीई), यूलर, माईकर्मा, सैमसंग दिल्ली, मारूति, आईथ्री नेटवर्क, मैथवर्क। फ्यूचर फर्स्ट, रिलायंस जियो (आर एंड डी), माइक्रोलैंड, क्वाटिफि, एमएक्यू, यूबीएस, एक्सेला, डिलॉयटी, टेलेस्ट्रा। महत्वपूर्ण है कि एक दिसंबर से तीन दिसंबर तक 96 कंपनियां करीब 396 छात्र-छात्राओं का इंटरव्यू लेने के बाद 474 ऑफर लेटर दे चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 33 कंपनियों ने इंटर्नशिप के दौरान ही 150 छात्र-छात्राओं को अपने यहां जॉब ऑफर कर दिया था। यानि अब तक कुल 129 कंपनियां आईआईटी बीएचयू के लगभग 546 स्टूडेंट्स को 624 जॉब ऑफर कर चुकी हैं।